**प्रो0 राजीव कुमार**
परीक्षा नियंत्रक

**डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0**
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2023/ 56                दिनांकः 16 मई, 2023

सेवा में,

**निदेशक / प्राचार्य,**
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

**विषयः विश्वविद्यालय की सत्र 2022-23 के सम सेमेस्टर में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों के प्रथम चरण की परीक्षाओं की तिथि विस्तारित/स्थगित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2023/26 दिनांक 29 अप्रैल, 2023 एवं पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2023/46 दिनांक 08 मई, 2023 के क्रम में विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2022-23 के सम सेमेस्टर के स्नातक एवं परास्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं सेमेस्टरों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों की प्रथम चरण की परीक्षायें विश्वविद्यालय के सक्षम स्तर द्वारा दिये अनुमोदनोपरान्त दिनांक 23 मई, 2023 से आयोजित कराये जाने की सूचना दी गयी थी।

उक्त परीक्षाओं के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग उ0प्र0 शासन के आ0शा0प0सं0 2230/ACS/S/2023 दिनांक 10 मई, 2023 के अनुसार खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2023 का आयोजन दिनांक 25 मई, 2023 से दिनांक 03 जून, 2023 तक प्रदेश चार शहरों (लखनऊ, वाराणसी, नोएडा तथा गोरखपुर) में कराया जाना निर्धारित है। शासन के उक्त पत्र के आलोकय में विश्वविद्यालय की दिनांक 23 मई, 2023 से आयोजित होने वाली सम सेमेस्टर के प्रथम चरण की परीक्षाओं को सक्षम स्तर से प्राप्त अनुमोदन के उपरान्त स्थगित करते हुए अब **दिनांक 05 जून, 2023 से से प्रारम्भ** कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से तद्नुसार अवगत होते हुए **सत्र 2022-23 के सम सेमेस्टर की प्रथम चरण की परीक्षाएं जो दिनांक 05 जून, 2023 से प्रारम्भ होनी है** के सन्दर्भ में आपके संस्थान के अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को अपने स्तर से सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें तथा उक्त परीक्षाओं का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम अतिशीघ्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया जायेगा।

भवदीय
16/5/2023
**(प्रो0 राजीव कुमार)**
परीक्षा नियंत्रक

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।**
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक/परास्नातक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. संयुक्त/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

**(प्रो0 राजीव कुमार)**
परीक्षा नियंत्रक